# लखनऊ नगर निगम,लखनऊ

लालबाग,टी0एन0रोड,लखनऊ–226001(उ0प्र0)
ईमेल nnlko@up.nic.in

पत्र सं0: 122/मु0अ0/2026-27 दिनांक: 18/07/26

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 27/07/26 को मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25/07/26 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट lmc.up.nic.in से टेण्डर नोटिस डाउन लोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 27/07/26 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 27/07/26 को अपरान्ह 4:00 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (रू0 मे) | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 | कुल निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | हैदरगंज तृतीय वार्ड के अन्तर्गत वी0होप हास्पिटल से होते हुए हैदर कैनाल नाले तक भूमिगत नाले की सफाई का कार्य (बकेट) | 650037 | 65004 | 15 दिवस | 651 | 118 | 769 |

शर्तें

01. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक **नहीं** है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
02. शासनादेश सं0–6738/23–7–06–176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। शासनादेश संख्याः– 692/23–07–2024 दिनांक 09–08–2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृति (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (Below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (Below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (Below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी ली जायेगी जिसे ठेकेदार से अनुबन्ध गठन के समय जमा कराया जायेगा। अतिरिक्त परफारमेन्स सिक्यूरिटी ऑनलाइन इण्टरनेट बैंकिग/आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी/डयूली प्लेज्ड एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
03. 15 प्रतिशत से अधिक न्यून निविदाओं की स्वीकृति के पूर्व सम्बन्धित निविदादाता द्वारा शपथ–पत्र पर गुणवत्तापरक कार्य करने हेतु अपनी कार्ययोजना/बारचार्ट निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना होगा एवं निविदा समिति द्वारा गुण दोष के आधार पर निविदा स्वीकृति/अस्वीकृत पर निर्णय लिया जायेगा।
04. शासनादेश संख्या–962/नौ–9–2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
05. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
06. कार्य समय से पूर्ण न होने पर अर्थ दण्ड लगाया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी।
07. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।
08. नाले की तलीझाड़ सफाई करनी होगी सफाई सही न होने पर तथा कार्य समय से पूर्ण न होने पर अर्थदण्ड लगाया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार/फर्म की होगी।
09. नाला सफाई से संबंधित कार्यो का अनुभव होना आवश्यक है।
10. बकेट मशीन के कार्य हेतु आवश्यक T&P होने/किराये पर प्राप्त कर निर्धारित मानक अनुसार कार्य को सम्पादित कराये जाने हेतु प्रमाण–पत्र/षपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. नाला सफाई का कार्य करते समय सुरक्षा के समस्त मानकों का पालन करना होगा तथा इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी।
12. संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य कर रहे समस्त कर्मचारियों को सुरक्षा बूट, मास्क, हेल्मट, बेल्ट, दस्ताना एवं अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। किसी भी कार्य स्थल पर सुरक्षा मानकों के अभाव में किए जा रहे कार्य पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।
13. संबंधित निविदादाता द्वारा आवष्यकतानुसार नाला सफाई वर्षा के दौरान एवं वर्षा उपरान्त भी कराना सुनिष्चित करना होगा। जिस हेतु अपेक्षित है कि निविदादाता संबंधित नाले का स्वयं निरीक्षण कर ही निविदाएं डाले। उक्त अवधि हेतु कोई भी अतिरिक्त भुगतान नही किया जायेगा।
14. सूची क्रमांक–48 से 62 एवं 65 पर अंकित कार्य नाला सफाई बकेट मशीन से करानी होगी।
15. नाला सफाई उपरान्त विडियोग्राफी/फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा।
16. किसी कार्य में एक से अधिक निविदादाताओं की एक समान दर पर सर्वन्यून निविदा प्राप्त होने पर इन निविदादाताओं के मध्य लाटरी के माध्यम से सफल निविदादाता का चयन किया जायेगा।
17. नगर आयुक्त महोदय के अनुमोदन दिनांक 30.06.2026 के कम में मेसर्स जी0टी0 ट्रेडर्स फर्म को काली सूचीबद्ध किये जाने के कारण निविदा में प्रतिभाग किये जाने से वंचित किया जाता है।

मुख्य अभियन्ता

प्रतिलिपिः–

01. मण्डलायुक्त महोदया को अवलोकनार्थ।
02. जिलाधिकारी महोदय को अवलोकनार्थ।
03. नगर आयुक्त महोदय को अवलोकनार्थ।
04. अपर नगर आयुक्त को सूचनार्थ।
05. अधिशासी अभियन्ता–6 को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. प्रभारी अधिकारी प्रचार को विज्ञापन हेतु।
07. केयर टेकर।
08. नोटिस बोर्ड।

मुख्य अभियन्ता